हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

11 सरकार गरीब की सेवा व विकास के लिए समर्पित



12 दौलतपुरिया ने भूमि सुधार आन्दोलन को दिया समर्थन



## खबर संक्षेप

### फसलों का मुआवजा जल्द जारी करे सरकार

**जाखल।** वीरवार को भाकियू एकता उगराहां ब्लॉक कमेटी जाखल ने उतम तलवाडी की अध्यक्षता में जखाल उप तहसील कार्यालय में धरना दिया। राज्य सचिव अजय सिधानी, धर्मवीर सिधानी, जगबिन्दर, सोनू, बन्टी कासिमपुर, गुरप्रीत तलवाडा, सुखविंदर तलवाड़ी, निका साधनवास, काला, भोला आदि किसानों ने फसल मुआवजा भुगतन की मांग की है।

### महिला के बैग से लाखों के गहने चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव जाण्डली खुर्द निवासी अनिल ने कहा कि गत दिवस उसकी पत्नी नीलम रानी अपने भाई कुलदीप के साथ गांव के बस स्टैण्ड से टोहाना जा रही थी। रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग में से सोने के गहने चोरी कर लिए। उसने आरोप लगाया कि चोरों ने बैग से लाखों रुपये के 9 तोले सोने के गहने चुराए हैं।

### स्कूटी सवार से 70 हजार की नकदी छीनी

**टोहाना।** वीरवार को नया बाजार स्थित डाबरा करियाना स्टोर का मालिक निखिल डाबरा वीरवार को दोपहर बाद लगभग साढे तीन बजे अपने घर से 70 हजार रुपये की नकदी लेकर अपने मित्र के साथ स्कूटी पर बैंक जा रहा था। गली में ही तीन नकाबपोश युवकों ने उन्हें घेर लिया और एक युवक ने निखिल के साथ हाथापाई करते हुए उसके हाथ से नकदी का लिफाफा छीन लिया और तीनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गये।

### जाखल मण्डी में मकान से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में जाखल मण्डी निवासी कमलेश रानी ने कहा है कि दो दिन पहले वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी और घर पर ताला लगा हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोर उसके मकान में घुसकर अलमारी में रखी 56 हजार रुपये की नगदी के अलावा एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गया है।

### नेटबाल में पदक जीतकर आए खिलाड़ियों का स्वागत

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के गांव ढाणी छतरियां के बालाजी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर-14 नेशनल नेटबाल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश व जिला का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों की बीती रात फतेहाबाद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

### बच्चों को छोड़कर लापता हुई विवाहिता

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में लक्कड़ मार्किट टोहाना निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 24 वर्षीय पुत्रवधू गत दिवस अपने दोनों बच्चों को घर पर छोड़कर बिना बताए कहीं चली गई है और अब तक वापस घर नहीं लौटी है। उसने आरोप लगाया कि हरपाल चौक के पास रहने वाले एक सीपा नामक युवक ने उसकी पुत्रवधू को छिपा रखा है। उसकी पुत्रवधू अपने साथ करीब 4 तोले सोने के गहने व घर के कागजात भी ले गई है।

### सुपरदारी के लिए कोर्ट में दिया झूठा ऐफिडेविट

**फतेहाबाद।** गाड़ी की सुपरदारी के लिए एक व्यक्ति द्वारा कोर्ट में झूठा एफिडेविट देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट रीडर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में एसडीजेएम टोहाना के रीडर आलोक कुमार ने कहा है कि 10 जनवरी को एक बुलेरो गाड़ी की सुपरदारी के लिए गाड़ी मालिक धन सिंह पेश हुआ। उसने कोर्ट में बयान दिया कि प्रार्थना पत्र के साथ लगा एफिडेविट उसके द्वारा साइन नहीं किया गया है और न ही उक्त गाड़ी को उसने गुरध्यान सिंह निवासी चांदपुरा को सेल की है।

## दोपहर को निकली धूप से जनजीवन लौट रहा पटरी पर

# आगामी सप्ताह और गिरेगा पारा खेतों में जम सकता है पाला



**फतेहाबाद।** धूप में खिली सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

### पाला जमने से मुश्किलें खड़ी होंगी

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सुबह के समय धुंध 11 से 15 जनवरी तक रह सकती है। रात के तापमान में और कमी आने की संभावना है। इस कारण प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अब पाला जमाव बिंदु की ओर जा सकता है। पाला जमने से किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। विभाग की ओर से कहा गया है कि किसानों को इस मौसम में अपनी फसल की सुबह-शाम देखभाल जरूर करनी चाहिए। सिंचाई व धुंआ करके किसान जमीन का तापमान स्थिर रखें।

### 13 से 14 जनवरी को हल्के बादल छा सकते हैं

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि प्रदेश में 15 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा। 13 से 14 जनवरी को हल्के बादल छा सकते हैं। इस दौरान हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। इससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है जबकि रात के तापमान में गिरावट आएगी। ज्यादातर इलाकों में सुबह धुंध छा सकती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में सुबह कड़ाके की ठंड के बाद दोपहर को निकली कड़ाके की धूप से लोगों को काफी राहत मिली है। हालांकि धूप निकलने के बाद रात के समय ठिठुरन बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान लगातार नीचे की ओर जा रहा है। लगातार दूसरे दिन पारा 8 डिग्री से गिरकर 6 डिग्री से नीचे आ गया जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया जा रहा है जोकि सामान्य से काफी कम है।

पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही धुंध के बाद बादलवाही के बाद बुधवार को धूप निकली तो लोगों को कुछ राहत मिली। वीरवार दूसरे दिन कड़ाके की धूप निकली। हालांकि अलसुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक धुंध ने कहर मचा रखा था। बाद में उत्तर-पश्चिमी शीत लहर चलने के बाद धूप निकल आई। 15 दिन धुंध रहने के बाद अब निकल रही धूप सरसों व गेहूं के लिए वरदान मानी जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि धूप में कनक की बालियों में दाने पकेगा और तना मजबूत होने से बढ़वार होगी। धुंध में गेहूं की बाली पीली पड़ रही थी। अब धूप निकलने के बाद गेहूं की बाली साफ हो रही है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि दिन के समय धूप व रात के समय ठंड बढ़ने से गेहूं का उत्पादन बढ़ेगा। फतेहाबाद सहित प्रदेश के 12 जिलों में मौसम विभाग द्वारा ठंड को लेकर कोल्ड डे अलर्ट जारी किया गया है। घनी धुंध को लेकर मौसम विभाग की ओर से वाहन चला रहे ड्राइवरों के लिए हिदायत दी गई है। 24 घंटे के आंकड़ों के अनुसार फतेहाबाद में सबसे कम 5.7 डिग्री तापमान रहा, यहां रात के तापमान में 2.9 डिग्री तक की कमी दर्ज की गई है।

## गांवों में बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया




**रतिया।** मतदान केन्द्रों का जायजा लेते नायब तहसीलदार। फोटो :हरिभूमि

उपमंडलाधीश जगदीश चंद्र के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार अचिन कालता ने वीरवार को विभिन्न गांवों में मतदान केंद्रों और बूथों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल नथवान, राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी डिग्गी (नथवान), राजकीय संस्कृति सीनियर सेंकैडरी स्कूल लाम्बा, बुर्ज, मुन्शीवाली, घासवा, कुनाल, एमपी सौत्र, चन्दोकलां, चन्दो खुर्द, हमजापुर, भरपूर, रत्ताखेड़ा आदि गांवों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अचिन कालता ने मतदान केंद्रों की साफ-सफाई की व्यवस्थाएं करवाने और जिस भी बूथ पर मरम्मत की आवश्यकता है तो मरम्मत कार्रवाई जाए।

उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान केंद्रों में रैम्प, बिजली, दरवाजे, खिड़कियां, कुंडे, पानी, शौचालय, चारदीवारी आदि जरूरी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर व्यस्थाओं का जायजा लेकर मतदान केन्द्रों के प्रबंधकों को समय रहते सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने और तैयारियां पूरी करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

## श्री राम की जीवनी पर आधारित प्रतियोगिता 20 को

**सिरसा।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के प्रथम तल के उद्घाटन अवसर पर पूरे भारतवर्ष में चल रही कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्री सनातन धर्म सभा भी सम्मिलित हो गई है। सिरसा की श्री सनातन धर्म सभा द्वारा इस उपलक्ष्य में 20 जनवरी को श्रीराम खुला प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन वृत्त से जुड़े सवाल प्रतिभागियों से पूछे जाएंगे। श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान आरपी शर्मा एडवोकेट व सनातन धर्म महाविद्यालय के प्रधान सुरेंद्र बंसल ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का कार्यक्रम दोपहर 11 बजे से 01 बजे तक रहेगा जिसमें शहर का कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। समारोह की अध्यक्षता नमन केडिया करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों से श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रश्न ही किए जाएंगे और जो प्रतिभागी सही उत्तर देंगे उनको श्री सनातन धर्म सभा की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

## टोहाना में हेल्प डेस्क का किया शुभारंभ

- अंजू सिंह ने कहा-ओटीएस योजना का लाभ उठाकर डिमांड खत्म करने का अच्छा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** ओटीएस योजना के तहत हेल्प डेस्क का शुभारंभ करती डीईटीसी अंजू सिंह। फोटो :हरिभूमि

डीईटीसी अंजू सिंह ने बताया कि ओटीएस योजना का लाभ उठाकर डिमांड खत्म करने का अच्छा अवसर है। टोहाना व जाखल में ओटीएस योजना को लेकर जागरूकता कैम्प भी लगाए जाएंगे। डीईटीसी अंजू सिंह ने वीरवार को टोहाना में लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में द्वितीय फेज के ओटीएस योजना के तहत हेल्प डेस्क की शुरूआत की जहां पर उन्होंने व्यापरियों से रिबन कटवाकर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। डीईटीसी ने बताया कि हेल्प डेस्क से अगर व्यापरियों को कोई जानकारी चाहिए तो वह ले सकता। उन्होंने बताया कि योजना का टोहाना में शुभारंभ होने पर टैक्स बार, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, व्यापारी वर्ग आपस में सहयोग कर रहे हैं। मौके पर व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र ठकराल, राईस मिल एसोसिएशन प्रधान मोंटू अरोड़ा, रमेश गोयल, ईटीओ कम पीओ शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## समस्या समाधान के लिए पहुंचे सीएम के दरबार

- गांव पनिहारी में लाल डोरे में की गई गलत रजिस्ट्रियों का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** गलत दर्ज की गई रजिस्ट्रियां दिखाते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

गांव पनिहारी में लाल डोरे के अंदर अधिकारियों द्वारा की गई गलत रजिस्ट्रियों का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीण प्रशासिनक अधिकारियों सहित सीएम के दरबार में भी अपनी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए सीएम के दरबार में अपना दुखड़ा रोया है। ग्रामीणों शामलाल, खरैतलाल, दलीप सिंह, श्यामलाल, अमरचंद, कश्मीर चंद, लछमनराम, केहरचंद, कांतोबाई, ज्ञान कौर पत्नी मालाराम, किशन, मदनलाल, देसराज, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, लालचंद, लाजवंती, बिमलारानी, सज्जन लाल, रामप्रकाश, बलवीर, भगवान सिंह, लाभचंद, रणजीत सिंह, जल्लो बाई, छिंदरपाल, गोकलचंद, भजनलाल, सुरजीत सिंह ने बताया कि गांव में लाल डोरे में आई भूमि की रजिस्ट्री का कार्य अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें अनेक घरों का रिकॉर्ड गलत दर्शाया गया है। रजिस्ट्री में कई ग्रामीणों के कमरों को पड़ोसी के घरों में दर्शा दिया गया है, जबकि मकान उनका खुद का है। आधार कार्ड के अनुसार नाम में गलतियां हैं। जिनकी दोबारा फेमिली आईडी मिली थी, उन्हें पुरानी रजिस्ट्री में नहीं जोड़ा गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीण जिला उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, तहसीलदार, बीडीपीओ सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अनेक बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने बजाय सुनवाई करने के ग्रामीणों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा बेकसूर ग्रामीण भुगत रहे हैं। उन्होंने सीएम से गुहार लगाई कि लाल डोरे के सर्वे में की गई गलतियों को दुरूस्त करवाकर नियमानुसार लाल डोरे की रजिस्ट्री करवाई जाए, ताकि किसी के संपत्ति के अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## गांव भागसर में नगर कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश गुरुपर्व को समर्पित गांव भागसर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को बहुत ही सुंदर ढंग से फूलों से सजाया गया। पालकी साहिब की अगुवाई पांच प्यारों ने की और बोले सो निहाल के जयकारों से आकाश गूंज उठा। इसके बाद यह नगर कीर्तन गांव खाई शेरगढ़ से होते हुए गांव पन्नीवाला मोटा में पहुंचा। इस नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में पालकी के पीछे चल रहे श्रद्धालु सतनाम वाहेगुरु का जाप कर रहे थे, जबकि नगर कीर्तन के रास्ते में पड़ने वाली गलियों व सड़कों के आगे संगत सतनाम वाहेगुरु का जाप कर रही थी। नगर कीर्तन में गतका पार्टी की टीम ने भी अपने करतब दिखाए, जिन्हें देखकर संगत बोले सो निहाल का जयकारा लगा रही थी। नगर कीर्तन के साथ चल रही संगत की सेवा में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह जलेबी, पकोड़े, चाय व दुध के लंगर लगाए गए। इस मौके पर गुरूद्वारा साहिब भागसर के हैडग्रंथी प्रदीप सिंह, गुरूद्वारा साहिब पन्नीवाला मोटा के मुख्य सेवादार गुरप्यार सिंह, गुरूद्वारा साहिब खाई शेरगढ़ के हैडग्रंथी जापान सिंह, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों, ग्राम पंचायतों सहित गांव बड़ागुडा, रोहिड़ावाली, घुकांवाली, ओढ़ा, चोरमार, रघुआना आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** भागसर में नगर कीर्तन निकालते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## पालसर धाम में श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

बाबा चांदी राम पालसर धाम का 16वां वार्षिक धार्मिक महोत्सव धाम के प्रांगण में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस महोत्सव में हरियाणा, पंजाब की विभिन्न धार्मिक पार्टियों द्वारा भजनों और झांकियों से बाबा का गुणगान कर महोत्सव में उत्तर भारत से पहुंचे बाबा के सैकड़ो श्रद्धालुओं को निहाल किया। गांव पालसर के बाबा चांदीराम धाम के प्रांगण में मनाए गए वार्षिक धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ बुधवार शाम ज्योति प्रचंड के साथ हुआ। इसके पश्चात आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा मांगी गई मन्नते पूरी होने के उपलक्ष्य में बाबा की मजार पर चादरें चढ़ाई गई तथा पंडाल में बाबा के चित्र का अनावरण किया गया। इसके बाद हरियाणा, पंजाब से पहुंची विभिन्न धार्मिक पार्टियों द्वारा धार्मिक भजन और गीत के साथ साथ सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। धाम के प्रमुख सेवादार अजीत सिंह ने बाबा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा का प्रथम नियम मानवता की भलाई के लिए कार्य करना व दीन-दुखिया की सेवा करना है। अजीत सिंह ने कहा हमें किसी भी प्राणी को दुख नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाबा ने अपने जीवन में हमेशा बीमार व दुखी लोगों की सहायता और सहयोग किया है इसलिए हम सबको भी दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन मे मांस मदिरा व अन्य बुरे कमार्ें से दूर रहकर बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान तपा मंडी पंजाब से आई अवध, किशोर पार्टी व मिनी ग्रेवल ने भजनों की प्रस्तुति की।



**रतिया।** पालसर धाम में वार्षिक महोत्सव में चादर चढ़ाते श्रद्धालु।

**आयोजन** नैनो उर्वरकों के उपयोग को लेकर विचार गोष्ठी व कंबल वितरण कार्यक्रम

# नैनो यूरिया का प्रयोग कर मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खर्च में कमी ला सकते किसान : प्रह्लाद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** इफको द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों को कंबल वितरित करते प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा। फोटो : हरिभूमि

सहकारी संस्था इफको द्वारा गांव खाबड़ा कलां और खुर्द में 'नैनो उर्वरकों के उपयोग' हेतु फसल विचार गोष्ठी एवं निःशुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर चौ. प्रहलाद सिंह गिल्लाखेडा, अध्यक्ष आईएफएफडीसी एवं निदेशक, इफको नई दिल्ली ने भाग लिया वहीं अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक फतेहाबाद के महाप्रबंधक सुनील पातड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विपणन विभाग इफको चंडीगढ़ बहादुर सिंह, फतेहाबाद विकास अधिकारी सुरेन्द्र गोदारा, जैडएमई इफको एमसी विनय मणी, आरएमई महेश यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्रीय अधिकारी हिसार अभय सिंह, फतेहाबाद क्षेत्रीय अधिकारी संदीप कुमार, टोहाना क्षेत्रीय अधिकारी सुशील कुमार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इफको निदेशक प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि अधिक रसायनिक खादों के प्रयोग के कारण मृदा स्वास्थ्य पर काफी असर दिख रहा है। किसानों को अभी से सजग करते हुए उन्होंने कहा कि जैव उर्वरक सागरिका एवं नैनो यूरिया का प्रयोग करते हुए रसायनिक खादों की 50 प्रतिशत मात्रा कम की जा सकती है। इसके कारण मृदा स्वास्थ्य में सुधार एवं खर्च में कमी तथा उत्पादन में वृद्धि होगी व उत्पादित अनाज की भी गुणवता में सुधार होगा। साथ ही ड्रोन के माध्यम से कृषि आदानों का स्प्रे बेहतर विकल्प है, इससे श्रम व लागत में कमी होगी।

कार्यक्रम में बहादुर सिंह, विपणन विभाग, इफको चंडीगढ़ ने किसानों को इफको नैनो यूरिया तरल व विशिष्ट उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही कृषि में ड्रोन का महत्व समझाते हुए किसानों को बताया कि इफको के उत्पादों का इस्तेमाल करके वह अपनी खेती में लागत को कम कर सकते हैं, साथ ही पैदावार को बढ़ा सकते हैं। सुनील पातड़ ने भी किसानों को आग्रह करते हुए नैनो तरल यूरिया को एक बेहतरीन उत्पाद बताते हुए इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। विनय मणी ने रबी फसलों में कीट प्रबंधन की जानकारी दी वहीं इफको फतेहाबाद से संदीप कुमार ने किसानों व अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में 400 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए व 500 से अधिक किसानों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के उपरांत ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया तरल का गेहूं की फसल में प्रदर्शन लगाया गया।

## हिन्दी दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. ज्योति व प्रो रेखा की देखरेख में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय हिंदी व्याकरण, हिंदी साहित्य रहा, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का ज्ञान भी बढ़ता है और बच्चे अपनी राजभाषा से भी परिचित होंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. मोनिका, डॉ. कमल जोशी, प्रोफेसर सुनीता तलवार व लाइब्रेरियन मंगत ने निभाई। इस प्रतियोगिता में 6 टीमें बनाई गई जिसमें टीम बी ने प्रथम, टीम-डी ने द्वितीय, टीम ई और एफ और तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज प्राचार्य ने विजेता रही टीमों को बधाई दी और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स



### केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका देश की राजधानी केपटाउन के मैकबोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



### अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

यूरोप महाद्वीप के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *



### पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

इंग्लैंड के तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वाली पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां उड़ी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *

### वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

पड़ोसी देश चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वाली पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *



### जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वीज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *



छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

## त्योहार की खुशी

'नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।



'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्वक स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन है?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?



बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-86 का उत्तर: 1- क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले : रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

पप्पू-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
मम्मी- ऐसा क्यों लग रहा है बेटा?
पप्पू- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।
-सुंदर, रोहतक

सोनी-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
मोनी-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।
-पिंकी, जबलपुर



गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
गोलू- गप्पा भाग!
गप्पा- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।
-पूजा, रायपुर

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी,

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता था। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।

# हैप्पी मकर संक्रांति



ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'

गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पेड़ों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाली बच्ची की पतंग का रंग अलग है। 3-इसी बच्ची का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली बच्ची की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।




उत्तर : D

## खबर संक्षेप


हिसार। ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

### ब्रह्मज्ञान मंदिर में हवन-यज्ञ के साथ ज्योति उत्सव का समापन

**हिसार।** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में ब्रह्मलीन श्रीयोग शब्दानंद महाराज व संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू किए गए ज्योति उत्सव का समापन आज प्रातः मंदिर प्रांगण में 54 हवन कुंड पर 108 जोड़ों द्वारा हवन-यज्ञ करके किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्योति उत्सव में भाग लिया। हवन से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा ज्योत जलाकर पूजा-अर्चना की गई।

### भैंस की मौत से परेशान पशुपालक ने खाया जहर

**फतेहाबाद।** गांव खैराती खेड़ा में एक पशुपालक किसान को पालतू भैंस की मौत का इतना बड़ा सदमा लगा कि उसने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। दो माह तक जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ते-लड़ते आखिरकार वीरवार को पशुपालक ने दम तोड़ दिया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया है। मृतक 28 वर्षीय हरिओम के परिजनों ने बताया कि करीब दो माह पहले हरिओम की पालतू भैंस की किन्हीं कारणों से मौत हो गई थी। जिसके बाद हरिओम परेशान रहने लगा था। वह सदमे में आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया।

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान विवि परिणाम किए जारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि जून 2023 में आयोजित बीएड एडिशनल प्रथम वर्ष (मेन) बैच 2017, 2018, 2019 व 2020, एमएड द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021, मई 2023 में आयोजित एमए हिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 तथा जनवरी 2023 में आयोजित एमएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2018 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## गांव भावदीन में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

# सरकार गरीब की सेवा व विकास के लिए समर्पित

सांसद ने विभिन्न गांवों का दौरा कर सांसद निधि कोष से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। विकास कायार्ं का शुभारंभ करती सांसद सुनीता दुग्गल।

सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास को लेकर बेहद सजग है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की राशि के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हमारे गांव हमेशा से ही प्रदेश व देश के विकास में अहम भूमिका निभाते रहे हैं, इसलिए धरातल स्तर पर विकास कार्यों का होना बहुत जरूरी है, जब नींव मजबूत होती तभी राष्ट्र मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अंत्योदय के उत्थान के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है, अब सरकार स्वयं आपके द्वार पर है। सरकार द्वारा अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सांसद सुनीता दुग्गल वीरवार को जिला के गांव भावदीन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। इस दौरान सांसद ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर जाकर जानकारी ली और ग्रामीणों से भी बातचीत की। इससे पहले सांसद सुनीता दुग्गल ने गांव बाजेकां, कुसुंबी, सुचान, संगर सरिस्ता, मोजुखेड़ा व पतली डाबर का दौरा किया और सांसद निधि कोष से निर्मित विकास कायोर्ं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

### सांसद ने किये उद्घाटन व शिलान्यास

गांव बाजेकां में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित शमशान भूमि का शिलान्यास किया। इसी प्रकार गांव कुसुंबी में लगभग 9 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित फिरणी व गली का उद्घाटन किया। साथ ही गांव सुचान में लगभग साढे 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित गली का उद्घाटन किया। इसके अलावा गांव भावदीन में एमपीलैड योजना से निर्मित मजबी सिख धर्मशाला में हॉल कमरे का शिलान्यास, श्री ज्ञान चंद के घर से लेकर मनीष सेठ के घर से दर्शन सिंह के घर तक आईपीबी गली के कार्य का उद्घाटन किया।

# प्रदेश में अराजकता का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। ग्रामीणों को रैली का न्योता देते कांग्रेस नेता नवीन केडिया।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने सिरसा में 27 जनवरी को प्रस्तावित कांग्रेस पार्टी की रैली को लेकर गांव शमशाबाद पट्टी व खाजाखेड़ा में जनसंपर्क किया। इस दौरान केडिया ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि रैली को पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला व पूर्व कैबिनेट मंत्री किरण चौधरी संबोधित करेंगी। कांग्रेस नेता नवीन केडिया ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की कुनीतियों के कारण हाहाकार मचा हुआ है। बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं सबका बुरा हाल है। पूरे प्रदेश में सड़कें टूटी हैं, आवारा पशुओं के कारण हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं, किसानों की फसलें आवारा पशु तबाह कर रहे हैं। इसी तरह से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है और सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। इस मौके पर उनके साथ ख्याली राम नगर पार्षद, कमल रंधावा, युवा कांग्रेस नेता निशांत, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आजाद, मदन लाल मानधनिया, संदीप पंच, सुरेंद्र, अनिल, सोनू, विपिन आदि मौजूद रहे।

## बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनवादी महिला समिति, फतेहाबाद ने बिलकिस बानो मामले में सवार्ेच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और इस जीत को बिलकिस बानो के बहादुराना संघर्ष का परिणाम बताया। इस मामले में तीन याचिकाकर्ताओं में से एक जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल भी शामिल थी। जनवादी महिला समिति शुरुआत से ही बिलकिस बानो के साथ खड़ी रही। इस फैसले में सवार्ेच्च न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार के दोषियों की सजा माफ करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। दोषियों को 14 साल की कैद के बाद गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान सुनीता जांडली ने कहा कि जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 11 दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल वापस जाना पड़ेगा और जेल में ही रहना पड़ेगा। अदालत ने कहा है कि कानून के अनुसार गुजरात सरकार को सजा माफ करने का आदेश पारित करने का अधिकार नहीं था।

## मांगों को लेकर पटवारियों का धरना जारी

**सिरसा।** लघु सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर पटवारियों का धरना वीरवार को भी जारी रहा। धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि पिछले एक साल से वे अपनी लड़ाई लड़ रहे हं, लेकिन हर बार सरकार की ओर से सिवाय आश्वासन के कर्मचारियों को कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार 2023 से कर्मचारियों को वेतनमान का लाभ देने की बात कर रही है, जबकि कर्मचारियों की मांग 2016 से वेतनमान की मांग की जा रही है। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान लाभ चंद ने बताया कि 350 से अधिक गांवों पर मात्र 60 से 65 पटवारी ही कार्यरत है।

# याद किए गए लाल बहादुर शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। पुण्यतिथि पर लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते

कांग्रेस भवन में आज देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कांग्रेसजनों ने स्व. शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर एक छोटे से रेलवे टाउन, मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। वे कई मील की दूरी नंगे पांव से ही तय कर विद्यालय जाते थे। बड़े होने के साथ ही शास्त्री जी विदेशी दासता से आजादी के लिए देश के संघर्ष में अधिक रुचि रखने लगे। लाल बहादुर शास्त्री जब केवल ग्यारह वर्ष के थे तब से ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। गांधी ने असहयोग आंदोलन में शामिल होने के लिए अपने देशवासियों से आह्वान किया था। उन्होंने महात्मा गांधी के इस आह्वान पर अपनी पढ़ाई छोड़ देने का निर्णय कर लिया था। उनके इस निर्णय ने उनकी मां की उम्मीदें तोड़ दीं। उन्होंने कई विद्रोही अभियानों का नेतृत्व किया एवं कुल सात वर्षों तक ब्रिटिश जेलों में रहे। 1946 में जब कांग्रेस सरकार का गठन हुआ तो इस 'छोटे से डायनमो' को देश के शासन में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए कहा गया।

अपने गुरु महात्मा गांधी के ही लहजे में एक बार उन्होंने कहा था - मेहनत प्रार्थना करने के समान है। महात्मा गांधी के समान विचार रखने वाले लाल बहादुर शास्त्री भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठ पहचान हैं। इस मौके पर पंकज शर्मा, संगीत कुमार, भीम सैनी, श्रवण कुमार, कमल भाट, गौरव तनेजा, आरव ग्रोवर, नवजोत सिंह, मुकेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# पालिका सचिव पर लगाए कमीशनखोरी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

पार्षदों के पांच वर्षीय कार्यकाल में आए दिन विवादों में घिरी रहने वाली नगर पालिका में अब नया विवाद उपजा दिखाई दिया है। इस बार नपा सचिव पर कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगे हैं।

उन पर ये आरोप किसी आम व्यक्ति द्वारा नहीं, अपितु स्वयं नपा के पार्षद द्वारा लगाए गए हैं।वार्ड 10 के पार्षद विकास कामरा ने कहा कि पालिका सचिव की मनमानी के चलते नगर में सड़क, स्फफाई एवं जल पूर्ति पाइप बिछाने में लेटलतीफी हो रही है। जाखल नपा को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए यहां तक कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार में नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार की कोई जांच नहीं हो रही है। इस बार के चुनाव में जनता वोट की चोट से मौजूदा सरकार को सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि पालिका सचिव तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। पार्षदों द्वारा पिछले दिनों कई एजेंडे डाले गए हैं। जिसमें पेट्रोल पंपों के तेल के पैसे, मिस्त्रियों के पैसे और झाड़ू रेहड़ी वाले आदि मंडी में अनेक व्यापारियों के बिल लंबित पड़े हुए हैं, जो सचिव द्वारा पास नहीं किए जा रहे हैं जबकि हमने रेगुलेशन पास कर रखे हैं। पार्षद कामरा ने आरोप लगाया कि पालिका सचिव व्यापारियों से कमीशनखोरी करते हैं। कमीशन मिलने पर ही सचिव बिलों पर हस्ताक्षर करते हैं।


पार्षद विकास कामरा

### क्या कहते हैं नगर पालिका सचिव

इस बारे में नगरपालिका सचिव महावीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दुकानदार ने दुकान के पास कूड़े के ढेर को आग लगाई हुई थी। उन्होंने ये कूड़ा उन्हें नगरपालिका की कूड़े उठाने वाली गाड़ी में डालने के लिए कहा था। इसके अतिरिक्त कोई विवाद नहीं है। पालिका सचिव ने पार्षद द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

### यूं गर्माया मामला

गुरुवार सुबह रेलवे रोड पर स्थित एक सब्जी विक्रेता दुकानदार ने सड़क किनारे पड़ा कूड़ा इकट्ठा कर उसमें आग लगा दी। उसी दौरान वहां आ रहे नगरपालिका सचिव इसे देखकर आग बबूला हो गए। उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को बुलाकर कूड़े को आग लगाने वाले दुकानदार का चालान काटने को कहा। पार्षद विकास कामरा व अन्य लोगों ने नपा सचिव को दुकानदार का चालान ना काटने का अनुरोध किया, परंतु नपा सचिव ने किसी की एक न सुनी।

### स्ट्रीट लाइटों में आ रही भ्रष्टाचार की बू

पार्षद विकास कामरा ने कहा कि पालिका सचिव की मनमानी से पहले एक वर्ष तक स्ट्रीट लाइटें नहीं आई लेकिन अब दो माह से स्ट्रीट लाइटें आई हुई है, परंतु अभी तक शहर में कई स्थानों पर लाइटें नहीं लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में जहां पर स्ट्रीट लाइटें लगी है, उनमें से कुछ लाइट अभी से खराब होनी शुरू हो गई है। ऐसे में इस मामले में भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# स्वयंसेवक अनुसाशन एवं ईमानदारी से करें भागीदारी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिसालिया खेड़ा में एनएसएस शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। स्वच्छता अभियान चलाते स्वयंसेवक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिसालिया खेड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। सभी ने नशा मुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्कूल इंचार्ज जगदीश प्रसाद ने छात्र-छात्राओं से शिविर में अनुसाशन एवं ईमानदारी से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रभाव डालते है और एक जिमेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शिविर के तीसरे दिन छात्रों ने स्वच्छता सम्बधी कार्य किये व रिफ्रेशमेंट तैयार की। तीसरे दिन अंग्रेजी अध्यापक दुली चंद ने बच्चों से वार्तालाप की। इस अवसर पर श्यामलाल, गुरमीत सिंह, तरुण कुमार, सतवीर डूडी, मुरारी लाल व लाल चंद आदि मौजूद रहे।

## नगर परिषद कर्मचारियों ने कांग्रेस नेता को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** नगरपरिषद कर्मचारियों ने कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बताई और ज्ञापन सौंपा। शर्मा को दिए ज्ञापन में संघ के जिला प्रधान मनोज, रानियां प्रधान सोमपाल, जिला सचिव रवि घारू, सिरसा इकाई से नरेश चौहान, ओमप्रकाश अटवाल, अरूण परोचा आदि ने बताया कि पे रोल के 58 कर्मचारियों को पक्का करने बारे सरकार का पत्र नप प्रधान द्वारा ईओ, डीसी व नप कमिश्नर को दिया गया था, जिसपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। नप के अधिकारी शहर के तीन जोन बनाकर सफाई व्यवस्था को ठेके पर देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की आबादी के हिसाब से 500 से ज्यादा कर्मचारियों की जरूरत है। वर्ष 1996 के बाद सफाई कर्मचारियों की स्थायी भर्ती नहीं की गई है। वर्ष 1996 के अनुसार शहर में सफाई कर्मचारियों की संख्या 309 थी, जबकि 28 वषार्ं में शहर की जनसंख्या इतनी अधिक हो गई है कि यहां करीब 600 कर्मचारियों की जरूरत है। इन कर्मचारियों की भर्ती करके सफाई व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में 16 दिन की हड़ताल और वर्ष 2022 में 11 दिन की हड़ताल व वर्ष 2023 में 2 दिन की हड़ताल की थी।

# सेटलमेंट योजना का लाभ उठाएं व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। व्यापारियों के साथ बैठक करते डा. शफीक मोहम्मद।

हरियाणा सरकार ने व्यापारियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना के माध्यम से 30 जून 2017 से पहले के बकाया करों पर ब्याज व जुर्माना माफ करने का व्यापारियों को सुनहरी अवसर प्रदान किया है। जिन व्यापारियों का जीएसटी लागू होने से पहले का कर बकाया है, वे विभाग से सेटलमेंट कर एकमुश्त राशि का भुगतान कर सकते हैं। उक्त जानकारी उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डा. शफीक मोहम्मद ने व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक के दौरान दी। बैठक में डा. शफीक मोहम्मद उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त सिरसा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 30 जून 2017 से पूर्व व्यापारियों के बकाया कर की अदायगी हेतु एक मुश्त व्यवस्थापन योजना शुरू की गई है, जिसमें ब्याज व जुर्माना पूरी तरह से माफ कर दिया है और कर की अदायगी में भी भरी छूट दी है। जिन केसों में अपील लंबित है, उनमें 50 लाख तक के मामलों में तीस प्रतिशत, अन्य में 50 प्रतिशत गैर विवादित मामलों में 50 लाख तक के कर का चालीस प्रतिशत उससे ऊपर राशि का 60 प्रतिशत भरना होगा तथा अंतरीय बकाया के सभी मामलों में 30 प्रतिशत ही भरना होगा। व्यापार मंडल के जिला प्रधान हीरालाल शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल सरकार की इस योजना के लाभ हेतु हर प्रकार का सहयोग देगा। जिससे व्यापारी इस योजना का लाभ उठा सकें। इस मीटिंग में सुरेंद्र गोदारा ईटीओ, सतबीर सिंह ईटीओ, गिरधारी सिंह ईटीओ, हंस राज ईटीओ, मनोज कुमार जिला निरीक्षक, व्यापार मंडल के जिला उपप्रधान अंजनी कनोडिया, चंद्रयश जैन, महासचिव जयप्रकाश भोलुसरिया, युवा प्रधान व्यापार मंडल संदीप मिढा, सुखविंद्र सोनी, सिरसा मोबाइल यूनियन के प्रधान विमल स्वामी, स्वर्णकार संघ के शहरी प्रधान लीलाधर सोनी आदि व्यापारी मौजूद थे।

# गोशाला संचालकों को सौंपे चारा अनुदान राशि के चेक

- डबवाली व कालांवाली में संचालित गोशालाओं को मिला चार अनुदान का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डबवाली व कालांवाली में संचालित गौशालाओं को हरियाणा गौ सेवा आयोग की योजना के तहत चारा अनुदान राशि बाबत चेक वितरण का आयोजन भगवान श्री कृष्ण गौशाला चौटाला व नंद बाबा गौ सेवा सदन कालांवाली में किया गया। इस आयोजन के दौरान सुनीता दुग्गल, श्रवण गर्ग चेयरमैन हरियाणा गौ सेवा आयोग, आदित्य चौटाला चेयरमैन, हरियाणा राज्य एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड, बलकौर सिंह पूर्व विधायक हलका कालांवाली व डा. विद्यासागर बांसल जिला गौ संरक्षक व संवर्धन अधिकारी सह उपनिदेशक, सघन पशुधन विकास परियोजना सिरसा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद ने डबवाली विधानसभा क्षेत्र की 27 गौशालाओं को रूपये 1.16 करोड़ रुपए की राशि के चैक व कालांवाली विधानसभा क्षेत्र की 14 गौशालाओं को राशि रूपये 2960250 रुपए के चैक वितरित किये। सिरसा जिला में हरियाणा रा'य की सर्वाधिक 142 गौशाला हैं, जिनमें से 134 गौशालाओं हरियाणा गौ सेवा आयोग से रजिस्टर है, जिनमें से ज्यादा गौ पशुओं को संरक्षण दिया हुआ है। सिरसा जिला की 134 रजिस्टर गौशालाओं को कुल रूपये 4.46 करोड़ रुपए की चारा अनुदान राशि चैक बांटे जाने हैं। इस मौके पर सांसद सुनीता दुग्गल ने हमारे जीवन में गाय की महता बारे विस्तार से चर्चा की। श्रवण गर्ग ने बताया कि बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में पुनर्वास हेतू छोडऩे के लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत बेसहारा गौवंश को पुनर्वास करने वाली गौशाला को प्रति गौवंश राशि 7000 रूपये आधारभूत संरचना हेतू प्रदान किए जाएंगे।

## जाखल क्षेत्र में पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने जाखल क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी मनदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान कुदनी हैड के पास मौजूद थी। इस दौरान गांव कुदनी की तरफ से एक युवक पैदल आते दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पुलिस के पूछताछ पर युवक ने अपना नाम रामनारायण उर्फ लाला निवासी जवाहर नगर, मण्डी आदमपुर हाल गांव पूर्ण माजरा, फतेहाबाद बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 215 बोर बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना जाखल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## पशुओं को उचित खुराक, गुड़ व मिनरल अवश्य दें

# शीत लहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। भोडिया खेड़ा स्थित पशुपालन एवं डेरिंग विभाग का कार्यालय।

इन दिनों समस्त हरियाणा समेत पूरे उत्तर भारत में शीत लहर का प्रकोप जारी है। सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि पशु भी इससे परेशान है, जिसको देखते हुए पशुपालन विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश में शीतलहर से पशुओं के बचाव हेतु सभी जिलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा विभाग ने पशु चिकित्सकों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला के पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे शीत लहर से पशुओं के बचाव के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करें और अपने पशुधन को शीत लहर से बचाकर रखे। उन्होंने बताया कि शीत लहर में पशुओं का तापमान कम हो जाता है व सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। इसके अतिरिक्त खांसी व निमोनिया जैसी बीमारियां होने लगती है जिसके कारण पशु खाना पीना छोड़ देते है व दूध उत्पादन भी कम हो जाता है। शीत लहर से बचाव करके इन बीमारियों से पशुओं को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कमजोर व नवजात पशुओं पर शीत लहर का प्रभाव ज्यादा पड़ता है। इसलिए पशुओं को उचित खुराक, गुड़ व मिनरल मिश्रण अवश्य देना चाहिए।

### पशुओं को कृमिनाशक दवा खिलाएं

इस मौके पर पशुपालन एवं डेरिंग विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि धूप निकलने पर ही पशुओं को बाहर निकाले। पशुओं पर कंबल इत्यादि डाल कर रखे। यदि पशुओं में ठंड के कोई लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि शीत लहर से बचाव के लिए सभी पशुओं को कृमिनाशक दवाइयां दिलवाएं। गुड़ व खनिज मिश्रण नियमित तौर पर देते रहे। पशुओं को नहलाने के लिए गरम/गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। पशुओं के बैठने के स्थान को सूखा रखे। पशुओं के टीन शैड को पराली से ढक कर रखें। धूप निकलने पर ही पशुओं को बाहर निकाले तथा नवजात पशुओं को रात के समय बोरी या तिरपाल से ढक कर रखें।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर में भर्ती को छह तक आवेदन

**सिरसा।** अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 हेतू चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉटसीडैकडॉटआईएन पर लॉगिन कर सकते हैं।

### श्रीराम मंदिर को 20 को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**फतेहाबाद।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शहर फतेहाबाद में भी भव्य कार्यक्रम होंगे। इस उपलक्ष्य में शहर को सजाया जाएगा वहीं 20 जनवरी को शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रमों को लेकर वीरवार को तैयारियों की समीक्षा के लिए नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एडवोकेट संदीप टांटिया, एसआई महेश कुमार भी मौजूद रहे। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने बताया कि 20 जनवरी को शहर के गीता मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### कुरुक्षेत्र रैली में पहुंचेंगे युवा नवमतदाताः ग्रोहा

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य स्वच्छ राजनीति और जन जागरुकता रहा है। विपक्षियों की भांति भाजपा कभी भी जनता को गुमराह नहीं करती। इसी कड़ी में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में नवमतदाता जागरुकता विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### गालियों के निर्माण से पूर्व होगी वीडियोग्राफी

**रतिया।** नगर पालिका द्वारा आगामी समय में विकास कार्य शुरू करवाने से पहले बनाई जाने वाली गलियों व अन्य विकास कायार्ं की पूरी वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसके लिए विकास कायार्ं के वर्क आर्डर जारी किए जाने से पहले विशेष रूप से प्रावधान भी किया जाएगा। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि अक्सर लोगों द्वारा विकास कार्य शुरू किए जाने से पहले व बाद में शिकायतें की जाती रहती है कि गलियों का निर्माण व अन्य विकास कायार्ं का निर्माण सही ढंग से नहीं करवाया जाता। लोगों द्वारा शिकायत के माध्यम से धांधली किए जाने के भी आरोप लगाए जाते हैं।

### बंद मकान में सेंधमारी गहने और कैश चोरी

**फतेहाबाद।** शहर की डीसी कालोनी में चोरों ने एक मकान में सेंधमारी कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बीघड़ रोड स्थित डीसी कॉलोनी निवासी राम सिंह ने बताया कि उसका बड़ा बेटा विक्रम आईटीबीपी में पटियाला तैनात है और छोटा बेटा अनिल आरपीएफ में बठिंडा में तैनात है। बड़ा बेटा छुट्टी पर आया और 3 जनवरी को वापस चला गया। इसके बाद उसकी पुत्र वधू बच्चों को लेकर अपने मायके महराणा चली गई।

### ट्रक चालकों को नशा बेचने की सूचना पर छापा

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे पर ट्रक ड्राइवरों को नशा बेचने की सूचना पर पुलिस टीम ने गांव खाराखेड़ी के पास एक होटल पर छापेमारी कर एक युवक को चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई कपिल देव के नेतृत्व में पुलिस को सूचना मिली कि हनुमानगढ़ के गांव नगरासरी का रहने वाला भंवर लाल उर्फ राजू नामक युवक हिसार से फतेहाबाद रोड पर गांव खाराखेड़ी के पास सनस्टार होटल कर रखा है। पुलिस ने 2 किलो 700 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया।

## भट्टू में धरना दे रहे किसानों के समर्थन में उतरे राजनीतिक दल

# सेम की समस्या का समाधान करने में सरकार व विधायक फेल : सिवाच

**भट्टू में सेम समस्या के समाधान को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं किसानों के साथ खड़ी है कांग्रेस**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले के गांवों सेम की समस्या ने किसानों को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और सरकार व विधायक इसका समाधान करने के बजाय मौन धारण करके बैठे हैं। इस समस्या से किसानों को निजात दिलवाने के दावा करने वाले भाजपा के नेता आज कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। किसानों के सवालों पर भागने की बजाय सरकार को इस समस्या का स्थाई समाधान करने के अपने वादे को पूरा करना चाहिए। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने भट्टू में सेम समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कही। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ हर कदम पर खड़ी है और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों की इस समस्या का पहली कलम से स्थाई समाधान कराया जाएगा। धरने को समर्थन देने पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि चुनावों में भाजपा ने किसान के विकास को लेकर बड़ी घोषणाएं की थी लेकिन अब सभी दावों की पोल जनता के बीच खुल चुकी है। किसान एमएसपी, खाद-बीज व अन्य हर समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं और अपने घरों को छोड़कर सड़कों पर बैठे हैं लेकिन भाजपा के नेताओं



**फतेहाबाद।** भट्टू में किसानों के धरने को संबोधित करते कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

## दौलतपुरिया ने भूमि सुधार आन्दोलन को दिया समर्थन

- कहा, सत्ता का सुख भोगने में खोये नेताओं को किसानों से कोई सरोकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भट्टू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सेम की समस्या से किसान बर्बादी की कगार पर आ रहे हैं, लेकिन सरकार का इन प्रभावित किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं है। चुनावों से पहले सत्ताधारी नेताओं ने किसानों को जो वायदे किए थे, चुनाव जीतने के बाद वहीं नेता मुंह फेर गए।

### समर्थन दिया

यह बात फतेहाबाद के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कही। पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने भट्टू में उपतहसील कार्यालय के सामने सेम समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों तथा उनके भूमि सुधार आंदोलन को समर्थन दिया। अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने सरकार के समक्ष पुरजोर मांग उठाई है कि सेम ग्रस्त गांवों को बचाने की दिशा में तत्काल प्रभाव से काम शुरू करें। प्रभावित गांवों के किसानों को डीपीआर बनाकर बताएं कि किस गांव में कितने ट्यूबवैल लगाए जा सकते हैं। इसके अलावा गांव रामसरा से लेकर ओटू हैड तक रंगोई नाले को पूर्णतः आरसीसी बनाया जाए। सिरसा ब्रांच का बैड काफी जगह से टूट चुका है तथा उसकी शीट भी फट रही है, इसलिए तत्काल प्रभाव से सिरसा ब्रांच को आरसीसी के तहत बनवाने का काम सरकार शुरू करवाए। दौलतपुरिया ने कहा कि गांवों में बढ़ती सेम की समस्या से यहां के किसानों व नागरिकों को जल्द से जल्द निजात दिलवाई जानी चाहिए। बलवान सिंह दौलतपुरिया ने आंदोलन कर रहे किसानों को आश्वासन दिया कि कांग्रेस इस संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले इस समस्या को दूर कर किसानों को राहत देने का काम किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** भट्टू में किसानों के धरने को संबोधित करते पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया।



**सिरसा।** गांव बणी में आयोजित खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों से मिलते मंत्री रणजीत सिंह।

## खिलाड़ियों को सरकार दे रही प्रोत्साहन : रणजीत

- बिजली मंत्री ने बणी में 7वें खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

बिजली मंत्री हरियाणा रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा खेलों में देश में अग्रणी रा'य है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये के इनाम देकर प्रोत्साहित कर रही है, जिसकी बदौलत हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। बिजली मंत्री वीरवार को जिला के गांव बणी में आयोजित 7वें खेल महाकुंभ समारोह (कबड्डी) का शुभारंभ करने उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा राजस्थान, पंजाब की टीमें भाग ले रही है। बिजली मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के विजेता खिलाड़ियों को करोड़ों के इनाम देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिये कि खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनायें। खेल शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं नशा रुपी दीमक को खत्म करने में बेहद कारगर सिद्ध हो सकती है। नशे से छुटकारा पाने का एक ही तरीका है ताकि इससे पीड़ित व्यक्ति पुनः समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अपना जीवन जी सके।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी, जिस पर बिजली मंत्री ने उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया।इस मौके पर मास्टर बुटा सिंह रानियां, रवि मोंगा, सरपंच नैना झोरड़, राम सिंह सहारण, हनुमान झोरड़, सुरेंद्र झोरड़, जसपाल झोरड़, यादविंद्र, रविंद्र झोरड़, महावीर झोरड़, बिशंबर मिड्ढा, शुभम झोरड़ सहित खेल प्रेमी पहुंचे।

## 2028 में शुरू होगा परमाणु संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में इस समय मेडिकल कॉलेज व फतेहाबाद में बड़े सरकारी अस्पताल, गोरखपुर में परमाणु संयंत्र जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर तेज गति से काम चल रहा है। इन प्रोजैक्ट्स के शुरू होने के बाद हेल्थ व एनर्जी सेक्टर में जिले का तेजी से विकास होगा, सैंकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलेंगे।

गोरखपुर में बन रहा परमाणु संयंत्र भी 2027-28 तक काम करना शुरू कर देगा और अगले दो साल तक अस्पताल भी पूरा हो जाएगा। यह बात जिला उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। डीसी अजय सिंह तोमर ने अतिक्रमण के सवाल पर कहा कि



यह समस्या सिर्फ फतेहाबाद की नहीं है। जम्मू कश्मीर से केरल तक यह समस्या हर जगह देखने को मिलती है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि हर दुकानदार अपनी इंकम को ज्यादा बढ़ाने के चक्कर में दुकानों के बाहर सामान रख लेते हैं। प्रशासन समय-समय पर कब्जे हटवाता है, लेकिन फिर वही स्थिति आ जाती है।

इसमें कोशिश की जाती है कि परमानेंट कब्जे न हो पाएं। आयुष्मान व चिरायु योजना के तहत इलाज की पेमेंट निजी अस्पतालों को जारी न होने के संबंध में उन्होंने बताया कि पहले समय समय पर यह पेमेंट होती रही है। यदि अब ऐसी समस्या आ रही है तो इसको लेकर विभाग से बात की जाएगी, जल्द ही समस्या दूर होगी। जिले के अस्पतालों में दवाओं की कमी पर भी उन्होंने कहा कि डीजी व एनएचएम के अधिकारियों से इस बारे में बात की जाएगी। भट्टू क्षेत्र में सेम की समस्या को लेकर लोगों के धरने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसानों से मीटिंग की जाएगी। चार गांवों में इसका प्रोजेक्ट बना हुआ है और 6 में प्रोजेक्ट का काम चल रहा है, लेकिन दिक्कत आ रही है कि इस साइड इरीगेशन की कोई ड्रेन नहीं है। किसानों से भी सुझाव मांगे जाएंगे कि किस प्रकार इस समस्या का हल हो सकता है।

## अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरे सेतिया

- युवा नेता गोकुल सेतिया ने बार एसो. सदस्यों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

युवा नेता गोकुल सेतिया वीरवार को जिला बार में पहुंचे और एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारियों सहित अनेक अधिवक्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से उनका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं की मूल समस्या पर उनसे चर्चा की और उनकी समस्या को वाजिब बताया। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से रोड़ी और बड़ागुढ़ा थाना डबवाली कोर्ट से जोडऩे के बाद से सिरसा के अधिवक्ताओं को काफी दिक्कतों से दोचार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों थानों की दूरी सिरसा से कम है और डबवाली से 'यादा, ऐसे में उपरोक्त क्षेत्रों से संबंधित लोगों के साथ-साथ सिरसा के जिन अधिवक्ताओं के पास केस हैं, उन्हें 'यादा परेशानी होगी। अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर गोकुल सेतिया को बताया कि जमानत के लिए तो फर्द वह अन्य कागजात सिरसा से निकलेंगे और जमानत डबवाली कोर्ट से होगी।

**परेशानी होगीः** इन कागजातों की खानापूर्ति और वहां आने जाने के चक्कर में मुलजिम को बिना मतलब एक दिन जेल में लगाना पड़ेगा। अधिवक्ताओं की समस्याओं को जानकर युवा नेता गोकुल सेतिया ने सरकार से मांग की कि रोड़ी व बड़ागुढ़ा थानों को पहले की तरह ही सिरसा के साथ रखा जाए। उल्लेखनीय है कि इस मांग को लेकर सिरसा के अधिवक्ताओं का विरोध जारी है।



सिरसा। अधिवक्ताओं से मिलते युवा नेता गोकुल सेतिया।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को रहना होगा सजग

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढां में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढां में सात दिवसीय एनएसएस कैम्प का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी हरमेल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्त्रम अधिकारी मांगे राम प्रवक्ता हिंदी ने बच्चों को एनएसएस के महत्व के बारे में जानकारी दी और सारे कार्यक्त्रम की रूपरेखा सबके सामने रखी। मुख्य अतिथि हरमेल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण व नैतिक मूल्यों के विकास में एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्त्रमजीत सिंह ने बच्चों को अपने संबोधन में एनएसएस से उनके भविष्य के अध्ययन पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही एसएस हरपाल सिंह अध्यापक ने भी बच्चों के साथ एनएसएस के बारे में अपने विचार सांझा किए। इस कैम्प में कुल 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य विक्त्रमजीत सिंह, मांगे राम, रामस्वरूप, मनप्रीत कौर, वजीर सिंह, कुलवंत कौर सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रमिकों का कल्याण प्राथमिकता

- पीएम-विश्वकर्मा योजना में 18 हस्त व्यवसायों को किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इस योजना से गांवों और शहरों के उन कुशल कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो अपने हाथों से काम करके अपना जीवन यापन करते हैं। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है तथा सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना से फायदेमंद

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपये (दूसरी किस्त) तक ण सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने का काम शामिल है। इस योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना में कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उपायुक्त ने बताया कि पीएम-विश्वकर्मा योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। इस योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। पंजीकरण के बाद इन कारीगरों को जिला में स्थापित किए गए कौशल विकास केंद्रों में पांच दिन की ट्रेनिंग करवाई जाएगी और टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कारीगरों का आह्वान किया कि वे पंजीकरण के लिए निकटतम सामान्य सेवा केंद्रों में करवाए।

## डिपो होल्डरों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**सिरसा।** मांगों को लेकर रोष जताते राशन डिपो होल्डर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

विभिन्न मांगों को लेकर राशन डिपो होल्डर एसोसिएशन लघुसचिवालय में पहुंच कर नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र को सीएम मनोहर लाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन का कहना है कि सरकार ने 2022 में एक नया कानून बनाया है जिसके तहत डिपो संचालकों की आयु 60 वर्ष होने के बाद उन्हें रिटायर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से हजारों डिपो संचालकों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा, क्योंकि प्रदेश में कई ऐसे डिपो संचालक हैं जिनका गुजर-बसर सिर्फ राशन डिपो पर ही है। उनकी मांग है कि इस कानून को वापस किया जाए। उन्होंने कहा कि 600 राशन काडार्ं पर एक डिपो होता था, अब इसे 300 राशन काडार्ं पर किया जा रहा है इससे एक कर्मचारी का वेतन व दुकान का किराया व बिजली का बिल भी नहीं निकल पाएगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि डिपो होल्डरों को 30 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए, राशन भंडारण हेतु दुकान का निर्माण करवाया जाए, 600 राशन काडार्ं पर नया डिपो की व्यवस्था की जाए, एक समान राशन कार्ड संख्या दर्ज की जाए, डिपो होल्डरों को मासिक खर्च दिया जाए, 60 वर्ष से अधिक उम्र के डिपोधारकों को सहानूभूति प्रदान की जाए, डिपो होल्डरों को इइंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, डिपो पर राशन की पूरी एलोकेशन भेजी जाए, राशन वितरण में 2 से 3 प्रतिशत कटौती की भरपाई की जाए। इसके अलावा डिपो होल्डरें की बीमा पोलिसी शुरू सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की।

## आत्मनिर्भर भारत थीम की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

# प्रिया और दीपिका ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। कैंप में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. लखबीर कौर ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर में भाग लेने से व्यक्ति में एक साथ काम करने की भावना उत्पन्न होती है। इसके साथ ही एनएसएस और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आत्मनिर्भर भारत इस विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर मंजू बाला ने छात्राओं को बताया कि किस प्रकार से व्यक्ति आत्मनिर्भर हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित भारत का दृष्टिकोण है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. रमेश ने छात्राओं को बताया कि हिंदी दिवस हमें हमारी मातृभाषा के महत्व को याद दिलाने और उसका समर्थन करने का अवसर प्रदान करता है। एनएसएस यूनिट-प्रथम की प्रभारी प्रोफेसर मीनाक्षी ने बताया कि शिविर में आत्मनिर्भर भारत इस थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका गणित विभागाध्यक्ष डॉ. कविता तथा डॉ. रिटा ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया और दीपिका, द्वितीय स्थान प्रगति तथा तृतीय स्थान नेहा और किरण ने प्राप्त किया। एनएसएस यूनिट-द्वितीय की प्रभारी डॉ. ममता ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि आत्मनिर्भर व्यक्ति ही जीवन में आने वाली प्रत्येक संकट का सामना कर सकता है। इसलिए हमें चाहिए कि हम आत्मनिर्भर बने तथा अपना और अपने देश का विकास करें। शिविर का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. भरत लाल, डॉ. रिटा, प्रोफेसर पवन, डॉ. कविता तथा सारिका मौजूद रहे।




**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005